डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी के वृत्तचित्र उत्सव का दूसरा दिन

नामवर सिंह एवं शीन काफ़ निज़ाम पर दिखाए गए वृत्तचित्र

नई दिल्ली। 12 जून 2018। साहित्य अकादेमी द्वारा विभिन्न भारतीय भाषाओं के महत्त्वपूर्ण लेखकों पर बनाए गए वृत्तचित्रों के उत्सव के दूसरे दिन आज सायं 5.00 बजे प्रख्यात हिंदी आलोचक एवं साहित्य अकादेमी के महत्तर सदस्य नामवर सिंह पर वृत्तचित्र प्रदर्शित किया गया। वृत्तचित्र का निर्देशन सुश्री मानसी ने किया था। वृत्तचित्र प्रदर्शन के पश्चात् इसकी निर्देशिका सुश्री मानसी ने इस वृत्तचित्र के निर्माण के अपने संक्षिप्त अनुभव साझा किए।

इस उत्सव में दूसरा वृत्तचित्र प्रख्यात शायर और समालोचक शीन काफ़ निजाम पर प्रदर्शित किया गया। इस वृत्तचित्र का निर्देशन प्रख्यात कवि लीलाधर मंडलोई ने किया है। इस अवसर पर शीन काफ़ निज़ाम साहित्यप्रेमियों से संवाद के लिए उपस्थित थे। फिल्म के अंत में उन्होंने उपस्थित दर्शकों के विभिन्न सवालों के जवाब भी दिए। उत्सव के दौरान भारी संख्या में साहित्यकार, लेखक, पत्रकार एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी संपादक अनुपम तिवारी ने किया।

कल 13 जून को सायं 5.00 बजे प्रख्यात डोगरी लेखिका पद्मा सचदेव और प्रख्यात मराठी लेखक महेश एलकुँचवार पर निर्मित वृत्तचित्र दिखाएँ जाएँगे। श्रोताओं के साथ बातचीत के लिए पद्मा सचदेव उपस्थित रहेंगी।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, **फैक्स :** +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in